## तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

बीज मंत्र...माँ चन्द्रघंटा : ऐं श्रीं शक्तयै नम:



बड़ा इमामबाड़ा पर अलविदा की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार



ईद को लेकर सेवईं खरीदती मुस्लिम महिला। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### अहिमामऊ में बजरंगबली मंदिर का भूमि पूजन

अमृत विचार, गोसाईगंज : नवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को अहिमामऊ गांव में भव्य बजरंगबली मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। गांववासियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंदिर निर्माण का संकल्प साकार किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ समय पहले गांव में एक बंदर की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद उसी स्थान पर बजरंगबली का मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया। अब सभी ग्रामीणों के सहयोग से इस संकल्प को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री अमर सिंह शिंघा (काका) की प्रमुख भूमिका रही। इस मौके पर रमाकांत द्विवेदी, गणेश सिंह, रामपाल सिंह, शिवकांत द्विवेदी, हरिशरण मिश्रा और दीपक द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** आरडीएसओ सभागार में 20 मार्च 2026 को सेंट्रल स्टाफ बेनिफिट फंड कमेटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रेलवे स्टाफ और उनके परिवारों ने नृत्य व गायन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम महानिदेशक प्रभास दनसाना की मौजूदगी में संपन्न हुआ। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और पारिवारिक सहभागिता की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया। निर्णायक के रूप में भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ ज्ञानेंद्र बाजपेई (नृत्य) और डॉ. कृतिका त्रिपाठी (संगीत) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने कर्मचारियों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव और सौहार्द को बढ़ावा दिया।

### शिक्षकों व एसएमसी अध्यक्षों का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, गोसाईगंज:** गोसाईगंज ब्लॉक सभागार में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों और एसएमसी अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने किया। उन्होंने एसएमसी के गठन, कार्य, दायित्व, बाल अधिकार और विद्यालय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में मोहिंदर पांडे, उमेश चंद पांडे, मीना सिंह और योगेश कुमार वर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे। शिक्षक संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी उपयोगी है। इससे शिक्षक और एसएमसी अध्यक्ष विद्यालयों के विकास और प्रबंधन में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे।

### अवैध निर्माण किया ध्वस्त

अमृत विचार : काकोरी क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नरौना स्थित द्वारिकापुरी कॉलोनी में नगर निगम की खसरा संख्या 517 पर बने पक्के अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। शनिवार तड़के भारी पुलिस बल और राजस्व टीम की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

# ईद-उल-फितर आज, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## एक डीसीपी, 6 एडीसीपी और 13 एसीपी समेत तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात, 1200 मस्जिदों में अदा होगी नमाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ईद-उल-फितर (ईद) की नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। शनिवार को 94 ईदगाह और 1200 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। महत्वपूर्ण स्थल टीले वाली मस्जिद, इमामबाड़ा आसिफी मस्जिद, ऐशबाग ईदगाह, अतिसंवेदन व संवेदनशील स्थलों पर पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। सुरक्षा के लिए तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी व अर्धसैनिक बल के जवान लगाए गये हैं। सभी प्रमुख स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी शुरू हो गई है। आसपास के इलाके में सीसीटीवी कैमरों के जरिये कंट्रोल से टीम संदिग्धों पर नजर रखे हैं।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार के मुताबिक ईद की नमाज शहर में 94 ईदगाह और 1200 से अधिक मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। इसको लेकर शहर को पांच जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहेंगे। उपायुक्त पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने पश्चिम क्षेत्र के संवेदनशील और नमाज स्थलों पर चेकिंग की। गलियों में अर्धसैनिक बल के साथ रूट मार्च किया, पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रांत वीर, एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल, इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बाजार, मेट्रो स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। इसके अलावा सभी जोन में अधिकारियों और थानाप्रभारियों ने संवेदनशील स्थलों और मुख्य मार्ग पर रूट मार्च किया। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। मौलानाओं से मिलकर मुबारकबाद दी।

उन्होंने बताया कि 15 राजपत्रित अधिकारी, एक हजार अराजपत्रित अधिकारी, 14 कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, सभी थानों का पुलिस बल, एंटी रोमियो स्क्वायड, पिंक पेट्रोल/112 और एलआइयू की टीम मुस्तैद की गई है।



अमीनाबाद में दुकान पर कंगन देखती युवती।

- **ड्रोन से होगी नमाज के दौरान निगरानी, सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी**
- **पांच जोन व 18 सेक्टर में बंटा पूरा शहर, हर चौराहे पर तैनात रहेंगे सुरक्षाकर्मी**



रंग-बिरंगे कंगन मोह रहे महिलाओं का मन।

### गुनाहों से तौबा करने का एक विशेष अवसर है अलविदा : काजमी वाहिदी

**अमृत विचार, लखनऊ:** दुबग्गा स्थित मस्जिद अबू तालिब में जुमे की नमाज़ मौलाना काज़मी वाहिदी की इमामत में अदा की गई। उन्होंने जुमे के खुत्बे में कहा कि जुमातुल विदा बेहद बरकत, क्षमा और फ़ज़ीलत वाला दिन है। उन्होंने कहा कि अलविदा का यह मुबारक दिन अल्लाह की रहमत हासिल करने, रमज़ान की विदाई की घड़ियों की क़द्र करने और गुनाहों से तौबा करने का एक विशेष अवसर होता है। इस दिन इबादत, तिलावत और दुआओं का ख़ास एहतमाम करने पर विशेष पुण्य मिलता है, जो रमज़ान की आखिरी मोहलत की तरह है। मौलाना ने कहा कि फितरा साल भर तमाम बलाओं और मुसीबतों से हिफ़ाज़त करता है। इसलिए फितरा ईद की रात में ही निकाल देना चाहिए। यह फितरा गरीबों, ज़रूरतमंदों और बेसहारा लोगों को ईद का साज़-ओ-सामान मुहैया कराने का एक ज़रिया है और उनकी मदद करने का एक अनोखा तरीका भी है।

### फितरा रमजान के रोजों को कबूल करवाता है

**अमृत विचार, लखनऊ:** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर 30 रमजान को रोजेदारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। एक रोजेदार ने सवाल किया कि क्या फितरा दो तीन चीजों का दिया जा सकता है या एक ही चीज का दिया जाएगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि फितरा की शक्ल में एक फितरा देना है चाहे कुछ भी दिया जाए। मसलन बाप ने अपनी तरफ से पैसे दे दिए, बेटे ने फितरा में अपनी तरफ से तीन किलो गेहूं दे दिया और मां ने फितरा में अपनी तरफ से खजूर दे दी तो मुमकिन है इसमें कोई हर्ज नहीं है। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि अगर बच्चे तालीम के सिलसिले से या नौकरी की वजह से देश के बाहर हों तो फितरा निकालना किस पर लाजिम होगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि ऐसी सूरत में चाहे बच्चे अपना खुद का फितरा निकालें या उनके मां-बाप निकालें। एक रोजेदार ने पूछा कि फितरा निकालने से इंसान को क्या सवाब हासिल होता है? इसके जवाब में बताया गया कि फितरा रमजान के रोजों को कबूल करवाता है और अगले साल तक इंसान की हिफाजत का जरिया बनता है।

# चांद रात में बाजार शबाब पर, रातभर चली खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **चूड़ियों, टोपी, सेवईं, चिकन, कपड़ा, चूड़ी और इत्र की दुकानों पर खरीदार जुटे**
- **नक्खास, चौक, नादानमहल रोड, यहियागंज, मौलवीगंज, अमीनाबाद, नजीराबाद, गणेशगंज, स्वदेशी मार्केट आदि पुराने बाजारों में सिर्फ खरीदार**

अमृत विचार: रोजेदारों का सबसे बड़ा तोहफा ईद कल यानी शनिवार को है। आख़िरी रोजा इफ्तारी के बाद चांद रात के दिन ईद की खरीदारी के लिए सड़कों पर भीड़ ही भीड़ नजर आई। नक्खास बाजार में चांद रात में खरीदारी का अलग ही मजा है। सड़क पर दोपहिया वाहन तक जाम में फंसे रहे। लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल था। यही हाल चौक, नादानमहल रोड, यहियागंज, मौलवीगंज, अमीनाबाद, नजीराबाद, गणेशगंज, स्वदेशी मार्केट आदि इलाकों का था। शहर के सभी पुराने बाजारों में रोजेदारों की भीड़ देखने को मिली। जिनमें अधिकांश संख्या महिलाओं की थी।

टोपियां और सिर्फ खरीदार

फूल वाली गली में कुर्ता-पाजामा खरीदने वालों की भीड़ उमड़ी रही तो चौक में चिकन के खरीदार भी नजर आए। टोपियों की दुकानें भी गुलजार रहीं। अफगानी, इंडोनेशियाई, तुर्की और बांग्लादेशी टोपियां छाई रहीं। इसकी कीमत 200 से 500 रुपये के बीच है। इसके अलावा मुमताज और फिरोज टोपी की भी अच्छी मांग बनी हुई है। सबसे ज्यादा डिमांड पट्टा गोल और जरवी कॉटन टोपियों की है, जिन्हें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और रामपुर से मंगवाया गया है। हर बजट के लिए विकल्प बाजार में 50 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की टोपियां उपलब्ध हैं। इंडोनेशिया टोपी 20-50 रुपये, जरवी कॉटन टोपी 30-120 रुपये, चिकन लखनवी टोपी 40-60 रुपये, बांग्लादेशी टोपी 80-200 रुपये, अफगानी टोपी 60-100 रुपये, बरकाती गोल टोपी 100 से 1000 रुपये तक। इस मौके पर कपड़ा बाजार भी गुलजार रहा।

### चूड़ियां खूब भायीं

- बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ चूड़ी की दुकानों पर नजर आई। जहां बुर्कानशीन महिलाएं और बच्चियां अपनी मनपसंद चूड़ियों को कपड़ों के सेट के माफिक ढालती दिखीं। यही नहीं मनिहारों की दुकानों पर भी महिलाओं और बच्चियां कपड़ों के सेट से चूड़ियां और कंगन मिलाती हुई दिखीं।

### इत्र की दुकानें खरीदारों से महकीं

- इत्र की दुकानों पर भी हुजूम रहा। रात तक लोगों ने मनपसंद ब्रांड और नान ब्रांडेड इत्र और सुगंध की शीशियां खरीदते नजर आए।

### अलग-अलग जायकों के लिए नंबर वाली सिवईं की तलाश

- अमीनाबाद, मौलवीगंज, चौक और नक्खास बाजार में रोजेदारों ने रमजान के लिए खजूर, लच्छे और फल खरीदे तो ईद की सिवइयों, कुर्ता-पैजामा और टोपियों की जमकर खरीदारी हुई। एक नंबर, डबल जीरो, मीडियम के साथ ही सबसे बारीक वाली सिवइयां महिला रोजेदारों की खास पसंद रही।

# नवरोज पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **आज सुबह छह बजे से दोपहर ढाई बजे तक रहेगा लागू**

अमृत विचार: शिया समुदाय द्वारा नवरोज का त्यौहार 21 मार्च को मनाया जाएगा। इस मौके पर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। 21 मार्च की सुबह 6:00 बजे से दोपहर ढाई बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने बताया कि कुछ रास्तों को बदला गया है।

इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। इस दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंम्बर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।



### यहां से जाएं:

- वाहन मेडिकल कालेज चौराहा या चौक, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएंगे।
- वाहन नादान महल रोड, रकाबगंज पुल होकर जाएंगे।
- वाहन हैदरगंज (लालमाधव) होकर जा सकेंगे।
- वाहन ऐशबाग, नाका, बुलाकी अड्डा होकर होकर जा सकेंगे।

### यहां रहेगी रोक

- मेडिकल क्रास (चरक) चौराहा से वाहन अकबरी गेट (मेफेयर) तिराहा, नक्खास तिराहे की ओर वाहन नहीं जाएंगे।
- नक्खास तिराहा से अकबरी गेट (मेफेयर), मेडिकल क्रास (चरक) चौराहे की ओर वाहन नहीं जाएंगे।
- टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा) तिराहा से वाहन नक्खास तिराहा या गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज की ओर नहीं जाएंगे।
- हैदरगंज (लालमाधव) से वाहन टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा) या नक्खास की ओर नहीं जाएंगे।

# ईद-उल-फितर पर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **सुबह छह बजे से नमाज खत्म होने तक लागू रहेगी व्यवस्था**

**अमृत विचार:** ईद-उल-फितर के मौके पर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शनिवार 21 मार्च की सुबह 6:00 बजे से नमाज खत्म होने तक लागू रहेंगे। डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने बताया कि शहर में ट्रैफिक को ठीक रखने के लिए कुछ रास्तों को बदला गया है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। इस दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंम्बर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

### यहां रहेगी रोक

- सीतापुर रोड से आने वाले वाहन डालीगंज रेलवे क्रासिग तिराहे से पक्के पुल (टीले वाली मस्जिद) की तरफ नहीं जाएंगे।
- पक्का पुल खदरा साइड तिराहा से वाहन पक्का पुल की तरफ नहीं जाएंगे।
- हरदोई रोड/बालागंज से बड़े इमामबाड़े व टीले वाली मस्जिद के तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- कोनेश्वर चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा, टीले वाली मस्जिद की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- नींबू पार्क (रूमीगेट चौकी) चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- नींबू पार्क ओवरब्रिज से रूमी गेट की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- चौक तिराहा से नींबू पार्क (रूमी गेट चौकी) चौराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहे से फूलमंडी, खुन-खुन जी गर्ल्स कालेज, नींबू पार्क चौराहे की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- शाहमीना तिराहे से पक्का पुल की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- डालीगंज पुल चौराहे से सीतापुर रोड की तरफ जाने वाली बस व अन्य वाहन पक्का पुल की तरफ नहीं जाएंगे।
- शाहमीना तिराहे से कैसरबाग होते हुए हरदोई रोड की तरफ जाने वाली रोडवेज, सिटी बस पक्का पुल, बड़ा इमामबाड़ा की तरफ नहीं जाएंगी।
- एवरेडी तिराहे से मिल एरिया की ओर बडे.वाहन/कार्मिशियल वाहन नहीं जाएंगे।
- नाका से ऐशबाग की ओर नमाज में सम्मिलित होने वाले वाहनों के अलावा कोई भी वाहन नहीं जाएंगे।
- यहियागंज वाटर वर्क्स रोड की ओर से ऐशबाग ईदगाह की ओर सिर्फ नमाज में सम्मिलित होने वाले वाहनों के अलावा अन्य वाहन नहीं जाएंगे।
- रकाबगंज पुल चौराहे से वाहन नक्खास या यहियागंज की ओर नहीं जाएंगे।
- ऐशबाग पुल के नीचे नाका की तरफ से वाहन ऐशबाग ओवरब्रिज होते हुए ईदगाह की ओर नहीं जाएंगे।
- राजेंद्र नगर चौराहे से वाहन ऐशबाग ओवरब्रिज से ईदगाह की ओर नहीं जाएंगे।
- बाबूलाल हलवाई व मास्टर कन्हैया लाल रोड से ईदगाह की ओर वाहन नहीं जाएंगे।

### यहां से जाएं

- वाहन डालीगंज क्रासिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नं-आठ निरालानगर से आईटी चौराहा की ओर से जाएंगे।
- वाहन बंधा रोड या नया पुल से होकर जा सकेंगे।
- वाहन कोनेश्वर मंदिर चौराहे से दाएं चौक चौराहा, मेडिकल कालेज चौराहा होकर जाएंगे।
- वाहन कोनेश्वर मंदिर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रास (कमला नेहरू), शाहमीना तिराहा या नींबू पार्क (रूमी गेट चौकी) चौराहे से नया पुल होकर जाएंगे।
- वाहन कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर जा सकेंगे।
- वाहन ठाकुरगंज होकर जाएंगे।
- वाहन मेडिकल क्रास होकर जाएंगे।
- वाहन चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएंगे।
- वाहन मेडिकल कालेज या डालीगंज पुल, आईटी होकर जाएंगे।
- वाहन आईटी, कपूरथला, पुरनिया होकर जाएंगे।
- रोडवेज व सिटी बस शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कालेज, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएंगी।
- वाहन मवैया ओवरब्रिज/लंगड़ा फाटक ओवरब्रिज, राजाजीपुरम होकर जाएंगे।
- वाहन रकाबगंज पुल/नत्था तिराहा, मवैया होकर जाएंगे।
- अन्य वाहन यहियागंज तिराहा से नक्खास तिराहा होकर जा सकेंगे।
- नाका या मेडिकल कॉलेज होकर जाएंगे।
- वाहन ऐशबाग पुल के नीचे से ही वापस मोतीनगर होकर जाएंगे।
- वाहन मोतीनगर होते हुए जा सकेंगे।
- बाबूलाल हलवाई चौराहा से होकर जा सकेंगे।

### नामाजियों के ही जाएंगे वाहन

- मिल एरिया से बुलाकी अड्डा की तरफ तुलसीदास मार्ग पर।
- बुलाकी अड्डा तिराहे से लाल माधव (हैदरगंज) की ओर।
- लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से ईदगाह की तरफ।
- यहियागंज से ईदगाह ऐशबाग की तरफ।

### पूरी तरह से वाहनों पर प्रतिबंध

- गूंगा-बहरा व रस्तोगी इंटर कालेज तिराहे से ऐशबाग ईदगाह की ओर।
- पीली कालोनी के अंदर से ऐशबाग ईदगाह की तरफ।
- एसएन मिश्रा द्वार तिराहे से ईदगाह की ओर।
- मोतीझील कालोनी से ऐशबाग ईदगाह की तरफ।

आयोजन

लखनऊ प्राणि उद्यान में विश्व गौरैया दिवस पर दिया जागरूकता का संदेश, लिया संरक्षण का संकल्प

# गौरैया निभाती है पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका : डॉ. अरुण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में शुक्रवार को विश्व गौरैया दिवस उत्साह और जागरूकता के संदेश के साथ मनाया गया। प्राणि उद्यान स्थित सारस प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में प्रमुख सचिव वी. हेकली झिमोमी सहित वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राणि उद्यान के निदेशक संजय कुमार बिश्वाल की ओर से अतिथियों के स्वागत से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारी जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो शहरीकरण और प्रदूषण के कारण तेजी से कम होती जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों में दाना-पानी रखें, घोंसले लगाएं और कीटनाशकों का कम प्रयोग करें।



समारोह में शामिल बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि

मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि गौरैया पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाती है। यह हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करती है और बीजों के प्रसार में भी सहायक होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों से गौरैया संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। वहीं इस अवसर पर प्राणि उद्यान में भ्रमण करने आने वाले दर्शकों को जागरूक करने के लिए स्टॉल लगाकर गौरैया संरक्षण हेतु आवश्यक जानकारी प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान लखनऊ विश्वविद्यालय अमिता कनौजिया की ओर से प्रदान की गयी।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान और धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ गौरैया संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु अनुराधा वेमुरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव बी प्रभाकर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुश्रवण एवं कार्ययोजना संजय पाठक सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजद रहे।

# योगी मंत्रिमंडल में फेरबदल जल्द, नए चेहरों की एंट्री तय

## भाजपा कोर कमेटी की बैठक में नामों पर हुआ मंथन, सीमित बदलाव से साधे जाएंगे समीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पश्चिम यूपी, ब्राह्मण और अनुसूचित वर्ग को मिलेगा प्रतिनिधित्व, 5-6 नए चेहरे संभव

**अमृत विचारः** प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर हुई भाजपा कोर कमेटी की लंबी बैठक के बाद मंत्रिमंडल विस्तार और आंशिक फेरबदल के संकेत स्पष्ट हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, एक-दो मौजूदा मंत्रियों को हटाकर नए चेहरों को शामिल करने पर सहमति बनी है, जबकि जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को बिना छेड़े बदलाव किए जाएंगे।

बैठक में आरएसएस के राष्ट्रीय सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। इसमें हाल में हुई क्षेत्रीय समन्वय बैठकों के फीडबैक के साथ संगठन और सरकार के बीच तालमेल, प्रतिनिधित्व और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में



एक ब्राह्मण और एक अनुसूचित वर्ग के चेहरे को जगह मिल सकती है। साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कानपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर है। पार्टी सवर्ण, ओबीसी और दलित वर्गों के बीच संतुलन साधते हुए 'संदेशात्मक विस्तार' की रणनीति पर काम कर रही है।

### कैबिनेट बैठक 23 को, पेंशन बढ़ोतरी पर फैसला संभव

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 23 मार्च को लोकभवन में कैबिनेट बैठक होगी। इसमें सामाजिक पेंशन बढ़ाने का प्रस्ताव आ सकता है। वर्तमान में 1.06 करोड़ लाभार्थियों को 1000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है, जिसे बढ़ाकर 1500 रुपये करने की तैयारी है। इसके साथ ही गेहूं खरीद नीति (25 मार्च से 15 जून) को मंजूरी मिल सकती है, जिसमें 2585 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी तय है। नए वित्तीय वर्ष की योजनाओं पर भी कैबिनेट में अहम फैसले संभव हैं।

वर्तमान में मंत्रिपरिषद में 54 सदस्य हैं, जबकि अधिकतम संख्या 60 तक हो सकती है। ऐसे में 5-6 नए चेहरों की एंट्री की संभावना जताई जा रही है। कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन या अन्य जिम्मेदारियां भी दी जा सकती हैं। संगठन स्तर पर भी तेजी दिखाई दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पहले ही संकेत दे चुके हैं कि मार्च तक निगम, बोर्ड और आयोगों के रिक्त पद भरे जाएंगे। इसे 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

# युवक की जेब से मिला सुसाइड नोट

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** बंथरा के नींवा गांव में लोन न चुकाने के कारण दी गई नोटिस से तनाव में परिवार के जहरीला पदार्थ खाने के मामले में घटना की सूचना प्रधान के माध्यम से पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान घर के बाहर पांच पन्नों का फटा हुआ नोटिस चस्पा पाया, जिस पर "सिक्योरिटी आफिसर" और शिवाजीनगर, पुणे, मुंबई का पता पढ़ा जा रहा है। पुलिस को संदीप की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें लिखा था "अपनी मौत के जिम्मेदार केवल हम हैं।"

### मकान गिरवी रखने की बात आ रही सामने

पुलिस के मुताबिक घर पर चस्पा नोटिस के कुछ कागजों को जोड़ा गया। पढ़ने के बाद साफ हुआ कि बैंक के लोन न चुकाने की नोटिस थी। तय समय पर रकम न देने पर मकान नीलाम करने की बात लिखी थी। पुलिस यह पता लगा रही है कि यह मकान कहां गिरवी रखा गया था। ग्रामीणों से पता लगाया जा रहा है। एसीपी के मुताबिक घर पर जो नोटिस चस्पा की थी, वह आधी फट चुकी है। ऐसे में एक टीम को लगाया गया है कि तीनों को किस बैक में खाता था। उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। ताकि यह पता चल सके किस बैंक से लोन लिया था। कौन लोग घर पर वसूली के लिए आए थे।

### पेटीएम का कर्मचारी आया था रुपनारायण के घर

ग्रामीणों के मुताबिक 10-12 दिन पहले एक व्यक्ति रूपनारायण के घर आया था। उसने खुद को पेटीएम का कर्मचारी बताया। उसने ग्रामीणों को बताया कि रूपनारायण ने लोन लिया था। किस्त नहीं चुका रहे थे। न ही फोन रिसीव कर रहे थे। उसने रूपनारायण के घर जाकर बातचीत की। दोनों के बीच क्या बात हुई इसके बारे में ग्रामीण बता नहीं पा रहे हैं। पुलिस पेटीएम के उस कर्मचारी के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### अधेड़ का तीन दिन पुराना शव बरामद

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा स्थित जहानाबाद गांव के पास किशनपुर कौड़िया रोड के किनारे एक प्लाटिंग में शुक्रवार दोपहर करीब 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का सड़ा गला शव पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छानबीन में पता चला कि अधेड़ मानसिक रूप से विक्षिप्त था और कई दिनों से यहां आस-पास घूम रहा था। शरीर पर कई पैंट और कई शर्ट थी। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### मुंह के घाव को न करें नजरंदाज, जांच जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दांतों और मुंह की साफ-सफाई में जरा सी लापरवाही भी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। यह जानकारी केजीएमयू के पब्लिक हेल्थ एंड डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा सरोजनीनगर सीएचसी में आयोजित विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम में दी गई। डॉ. गौरव मिश्र ने बताया कि रात में ब्रश न करने से दांतों के बीच भोजन फंसा रह जाता है, जिससे बैक्टीरिया पनपते हैं और सड़न व कीड़े लगने का खतरा बढ़ता है। वहीं डॉ. सुमित कुमार ने कहा कि मुंह की सफाई में लापरवाही से मसूड़ों की सूजन, खून आना और दांत कमजोर होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। निइस मौके पर बंथरा एसपीटी में पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें आठ विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। केजीएमयू के मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। डॉ. यूएस पाल ने बताया कि मुंह में लंबे समय तक रहने वाले घाव, छाले या सफेद-लाल धब्बों को नजरअंदाज करना खतरनाक है, क्योंकि ये कैंसर का रूप ले सकते हैं।

### आलू भंडारण का हुआ समाधान : दिनेश प्रताप

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के शीतगृह संचालकों के समक्ष उत्पन्न हुए अमोनिया गैस आपूर्ति के संकट का समाधान कर दिया गया है। यह कार्य केंद्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से मात्र दो दिन के भीतर हो गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में आलू की फसल विगत वर्षों की तुलना में काफी अच्छी हुई है। राज्य सरकार ने फसल तैयार होने से पूर्व आलू के विपणन और भंडारण की तैयारी पूरी कर ली थी। कुछ कारणों से शीतगृहों में उर्वरक कंपनियों की ओर से अमोनिया गैस की आपूर्ति रोक दी गयी थी, जिससे प्रदेश के 2357 शीतगृहों में भंडारित लगभग 150 लाख मीट्रिक टन आलू के खराब होने का गंभीर खतरा मंडरा रहा था। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिशेष आलू के बेहतर विपणन के लिए अन्य राज्यों से निरंतर समन्वय किया जा रहा है। राज्य के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।

# फसलों के नुकसान का जल्द दें मुआवजा : योगी

## जिलाधिकारियों को फील्ड में उतरने के दिए आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बेमौसम बारिश पर सीएम गंभीर राहत आयुक्त को समन्वय की दी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** प्रदेश में बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वयं फील्ड में जाकर स्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया केवल औपचारिक न होकर जमीनी हकीकत पर आधारित हो, ताकि किसानों को सही और समय पर सहायता मिल सके।

मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त को भी निर्देश दिए हैं कि वे फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों से सीधे संपर्क में रहें और समन्वय स्थापित करें। सभी जिलों से सूचनाएं समयबद्ध तरीके से एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाएं, जिससे राहत कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से मुआवजा वितरण प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन प्राप्त होते ही भुगतान की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

# सात वर्ष के बच्चे की हुई सफल रोबोटिक सर्जरी

## केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की बड़ी उपलब्धि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने सात साल के बच्चे की जटिल रोबोटिक सर्जरी कर उसे नई जिंदगी दी है। बच्चा लेफ्ट इंग्वाइनल हार्निया से पीड़ित था, जिससे उसे लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

कृष्णानगर एलडीए कॉलोनी निवासी श्रेयांश यादव इस बीमारी से लंबे समय से जूझ रहा था। इस स्थिति में पेट के अंदर का हिस्सा मांसपेशियों की कमजोरी के कारण जांघ के ऊपर कूल्हे के पास बाहर की ओर उभर आता है। इससे आंतों के फंसने का खतरा भी बना रहता है। बच्चे को खड़े होने, खांसने या वजन उठाने पर सूजन बढ़ जाती थी, जबकि लेटने पर वह अंदर चली



ऑपरेशन के बाद स्वस्थ बच्चे के साथ चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

जाती थी। साथ ही हल्का दर्द और खिंचाव भी महसूस होता था।

परिजन बच्चे को केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग लेकर पहुंचे। विभागाध्यक्ष डॉ. जेडी रावत ने बच्चे की जांच के बाद रोबोटिक सर्जरी की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मरीज के बाएं अंडकोश में हार्निया था, जिससे आंतों के उलझने का खतरा था। 10 मार्च को बच्चे को भर्ती किया गया और 16 मार्च को सफल रोबोटिक सर्जरी की गई।

डॉ. जेडी रावत के अनुसार, अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक की मदद से सर्जरी बेहद सटीक और कम दर्द वाली रही। ऑपरेशन के बाद बच्चे की रिकवरी तेज रही और अगले ही दिन वह चलने-फिरने लगा। इस सर्जरी में करीब 60 हजार रुपये का खर्च आया, जो अन्य अस्पतालों की तुलना में काफी कम है। यह पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की दूसरी सफल रोबोटिक सर्जरी है।

# डेटिंग एप पर युवक को फंसाकर ऐंठे रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- होटल में बुलाकर बनाई अश्लील वीडियो ब्लैकमेल किया दी धमकी
- 10 हजार छीने, एटीएम से पासवर्ड पूछकर निकलवाए 25 हजार

**अमृत विचारः** डेटिंग एप पर दोस्ती कर युवक को जाल में फंसाया। लोकेशन भेजकर पर्वतपुर चौराहा स्थित होटल के कमरे पर बुलाया। वहां आरोपी और उसके तीन साथियों ने युवक को नग्न कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। 10 हजार छीनकर धमकाते हुए एटीएम कार्ड से 25 हजार रुपये ऐंठ लिए। उसके बाद धमकाकर भगा दिया। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल व सर्विलांस सेल की मदद से जांच की जा रही है।

थाना क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय युवक ने बताया कि ग्राइंडर एप पर एक युवक से दोस्ती हुई। बातचीत में अंजान ने अपना नाम अभिषेक वर्मा निवासी पांडेय टोला अलीगंज बताया। चैटिंग के बाद उनके बीच मुलाकात की बात तय हुई। ग्राइंडर फ्रेंड ने एप पर लोकेशन भेजी। जिसके बाद पीड़ित लोकेशन के आधार पर पर्वतपुर चौराहा जीसीआरसी कॉलेज के पास एके गैलेक्सी होटल पर पहुंचा।

वहां उसकी मुलाकात अभिषेक वर्मा से हुई। दोनों एक कमरे में चले गए। पीड़ित ने बताया कि करीब 10 मिनट राजन कश्यप, रिशु कश्यप व शिवम सिंह कमरे में घुस गए। सभी लोगों ने उसे धमकाकर कपड़े उतरवाए। उसके बाद अश्लील वीडियो बनाकर जेब में रखे 10 हजार रुपये छीन लिए। आरोपियों ने और रुपये की मांग की। पीड़ित ने रुपये नहीं होने की बात कही तो आरोपियों ने एटीएम कार्ड छीना। फिर पासवर्ड पूछकर 25 हजार रुपये निकाल लिए।

आरोपियों ने धमकाया कि अगर किसी से शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देंगे। उसके बाद पीड़ित को कमरे से भगा दिया। हिम्मत जुटाकर पीड़ित ने परिजन को जानकारी दी। उसके बाद शुक्रवार को बीकेटी थाने में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ रंगदारी, आपराधिक साजिश और आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हत्या व दुष्कर्म के आरोपी मौसा को लेकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुष्कर्म के विरोध में 17 वर्षीय किशोरी की हत्या के मामले में मड़ियांव पुलिस आरोपी मौसा को शुक्रवार दोपहर घटनास्थल पीपा पुल लेकर पहुंची। वहां उससे घटना के बारे में एक-एक बिंदु पर जानकारी ली। परिस्थितिसाक्ष्य के आधार पर पुलिस मामले में हत्या के साथ ही दुष्कर्म की धारा बढ़ाने की तैयारी में है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर विशेषज्ञों से राय ले रही है।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रूणवाल ने बताया कि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और साफ हो जाएगी। मामले की जांच की जा रही है। वहीं, आरोपी की पत्नी ने आरोप लगाया है कि पति ने दुष्कर्म के बाद भांजी की हत्या की है। पुलिस ने आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी के लिए उत्तराखंड पुलिस से मदद मांगी है। साथ ही मोहल्लेवालों के भी बयान दर्ज किए हैं।

# बीचबचाव कर रहे युवकों पर कुल्हाड़ी से हमला

**अमृत विचार, सरोजनीनगरः** क्षेत्र के गौरी गांव में बुधवार रात मां-बेटे के साथ मारपीट का विरोध करना दो युवकों को भारी पड़ गया। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे युवकों पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

राजन यादव ने बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे वह अपने कार्यालय पर बैठे थे। तभी पास में एक महिला व बच्चे के रोने की आवाज सुनकर वह अपने साथियों संदीप यादव व आनन्द सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि कार व बाइक सवार छह-सात अज्ञात लोग महिला व बच्चे के साथ जबरदस्ती कर रहे थे। विरोध करने पर हमलावरों ने संदीप यादव के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जबकि आनन्द सिंह को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटनास्थल से दो मोबाइल फोन व एक कुल्हाड़ी बरामद हुई है, जबकि एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेल यात्रियों के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें संचालित करने की घोषणा की है। ये ट्रेनें पुणे-गोरखपुर और गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) मार्ग पर 01 अप्रैल से 01 मई 6 तक प्रतिदिन 30 फेरों के लिए चलेंगी।



**पुणे-लखनऊ-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष :** 01415 पुणे-गोरखपुर विशेष, यह ट्रेन 01 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन पुणे से सुबह 06:50 बजे प्रस्थान करेगी। दौंड, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, झांसी, उरई, कानपुर, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती होते हुए गोरखपुर 16:00 बजे पहुंचेगी। 01416 गोरखपुर विशेष वापसी में 02 अप्रैल से 01 मई तक गोरखपुर से शाम 17:30 बजे प्रस्थान कर बस्ती, गोण्डा, लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर और दौंड होते हुए हडपसर सुबह 03:15 बजे पहुंचेगी।

**गोरखपुर-लखनऊ-मुम्बई ट्रेन :** 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई)-गोरखपुर ट्रेन 01 से 30 अप्रैलतक मुम्बई से रात 22:30 बजे प्रस्थान करेगी। दादर, थाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, झांसी, उरई, कानपुर, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती और खलीलाबाद होते हुए गोरखपुर सुबह 10:00 बजे पहुंचेगी। वापसी में गोरखपुर से दोपहर 14:30 बजे प्रस्थान करेगी। ये ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें यात्रियों के लिए तेज़ और सुविधाजनक यात्रा देगी।

### सिर की चोट में पुनर्वास का महत्व बताया

**अमृत विचार, लखनऊः** एसजीपीजीआई के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग ने एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में विश्व हेड इंजरी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका मुख्य उद्देश्य ट्रॉमैटिक ब्रेन इंजरी (टीबीआई) से पीड़ित मरीजों और उनके तीमारदारों को दीर्घकालिक देखभाल में पुनर्वास की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में टीबीआई से उबर चुके मरीज, उनके परिजन और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रारंभिक और व्यवस्थित पुनर्वास से मरीजों की कार्यक्षमता और जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार संभव है। चेस्ट फिजियोथेरेपी, सामान्य फिजियोथेरेपी और व्यावसायिक थेरेपी के महत्व को भी बताया गया। साथ ही पोषण, व्यवहारिक और भावनात्मक समस्याओं के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

# सीएचसी में 1 बजे तक लिए जाएंगे नमूने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मरीजों को जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा

**अमृत विचार :** मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) के अधीन संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में सैंपल कलेक्शन का समय बढ़ा दिया गया है। अब मरीजों को जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और वे देर से आने पर भी अपने नमूने दे सकेंगे।

अब तक स्थिति यह थी कि ओपीडी खत्म होने से करीब तीन घंटे पहले ही सैंपल कलेक्शन बंद कर दिया जाता था। शहरी सीएचसी में सुबह 11 बजे तक ही रक्त के नमूने लिए जाते थे, जिससे देर से आने वाले मरीजों को अगले दिन फिर से आना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए सीएमओ ने कलेक्शन का समय बढ़ाकर दोपहर 1 बजे तक करने के निर्देश जारी किए हैं। सीएमओ के अधीन जिले में कुल 20 सीएचसी संचालित हैं। इनमें शहरी क्षेत्रों के केंद्र सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के केंद्र सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलते हैं।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे राष्ट्रीय वानिकी संवाद का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) के मार्स हॉल में प्रातः 10 बजे 'वन एवं अर्थव्यवस्थाएं' विषयक राष्ट्रीय वानिकी संवाद का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय वन दिवस (21 मार्च) के अवसर पर आयोजित 'अरण्य समागम' के तहत किया जा रहा है। इस आयोजन में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ तथा गणमान्य अतिथि भाग लेंगे।

## कला-संस्कृति

15 दिवसीय संस्कृत नाट्य कार्यशाला के बाद नाटक का मंचन

# नाटक अश्वासनम् में दिखाई भ्रष्टाचार की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतोदय संस्था और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय प्रस्तुतिपरक संस्कृत नाट्य कार्यशाला के बाद शुक्रवार को शांति इंटर कालेज भरत नगर के सभागार में संस्कृत नाटक अश्वासनम् का मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज कानपुर की प्राध्यापक रेखा शुक्ला एवं समर्थनारी-समर्थभारत की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा सिन्हा वर्षा ने उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

गिरीश चन्द्र मिश्र के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा लिखित और जूही कुमारी द्वारा निर्देशित इस संस्कृत नाटक को जूही कुमारी और डॉ. आनंद कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में तैयार किया गया।

नाटक में एक मार्मिक और त्रासदीपूर्ण कथा सामने आई। नाटक का केंद्रीय पात्र एक प्रतिभाशाली, उत्साही और आशावान युवक है, जो समाज, परिवार, साहित्य, दर्शन और धर्म के लिए कुछ करने की आकांक्षा रखता है, लेकिन आजीविका की तलाश में निरंतर असफलताओं, कुण्ठा और तिरस्कार का सामना करता है।

व्यवस्था की विसंगतियों और सिफारिश-प्रधान तंत्र के कारण युवक का संघर्ष और गहराता जाता है। आयु-सीमा समाप्त होने के साथ ही निराशा के चरम पर पहुंचा युवक जीवन से विरक्त हो जाता है। नाटक में ज्ञानेंद्र मिश्रा, सुंदरम मिश्रा, आयुष, सत्यम मिश्रा, तन्मय, श्वेता और स्नेह सहित अन्य कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया।

### वॉकाथॉन से दिया गया सड़क सुरक्षा का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व मस्तिष्क चोट जागरूकता दिवस के अवसर पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के न्यूरोसर्जरी विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा और सिर की चोटों की रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागियों फैकल्टी, रेजिडेंट्स, नर्सिंग स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक पद्मश्री डॉ. राधा कृष्ण धीमन ने किया। डॉ. धीमन ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया।

# समय पर स्क्रीनिंग से स्तन कैंसर रहेगा दूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए समय पर स्क्रीनिंग और जागरूकता बेहद जरूरी है। महिलाएं यदि नियमित रूप से स्वयं जांच करें और शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान दें, तो बीमारी का समय रहते पता लगाया जा सकता है। यह महत्वपूर्ण सलाह इंदिरानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मयंक जलोटे ने दी।

शुक्रवार को कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से इंदिरानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्तन कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में




इंदिरानगर सीएचसी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में चिकित्सक व अन्य स्टॉफ।

बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। डॉ. मयंक जलोटे ने कहा कि स्तन या बगल में गांठ महसूस होना एक गंभीर संकेत हो सकता है, भले ही उसमें दर्द न हो। इसके अलावा स्तन के आकार या बनावट में बदलाव, निप्पल से रक्त या असामान्य स्राव, त्वचा में गड्ढे, लालिमा या सिकुड़न जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी भी संकेत को नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है।

**न्यूज ब्रीफ**

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो ठेकेदारों की गई जान

**जगदीशपुर, अमेठी।** रायबरेली अयोध्या राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात गिट्टी लदे एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना जगदीशपुर के मुबारकपुर के पास हुई। मृतकों की पहचान रायबरेली के हरचंदपुर थाने के सत्तू गांव निवासी विजय कुमार (35) और चंदिका प्रसाद (50) के रूप में हुई है। दोनों देवरिया से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर रायबरेली जा रहे थे। शुक्रवार रात करीब दो बजे यह हादसा हुआ, जब उनका बाइक वाहन ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### कंबाइन मशीन गिरने से प्रधान पुत्र की मौत

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मगहर स्थित हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार की सुबह कंबाइन मशीन पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गई, जिससे उसके मालिक प्रधान पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मगहर चौकी इंचार्ज विनोद यादव के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 7 :30 बजे सूचना मिली कि बस्ती से गोरखपुर की ओर जा रही एक नई कंबाइन मशीन संतकबीर समाधि स्थल के पास अनियंत्रित हो गई। मशीन पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी, जिसमें उसका आधा हिस्सा पुल के नीचे और शेष हिस्सा ऊपर ही अटक गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने कंबाइन मालिक एवं प्रधान पुत्र 46 वर्षीय देवेंद्र यादव पुत्र छोटेलाल निवासी जद्दूपुर थाना झंगहा, जनपद गोरखपुर को मृत घोषित कर दिया।

# निर्माणाधीन बीडीओ कक्ष की गुणवत्ता पर डीएम सख्त

## निरीक्षण के बाद तुड़वाई दीवार, सीडीपीओ की गैरहाजिरी से खफा

**जांच के आदेश**

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने शुक्रवार को नाथनगर ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन बीडीओ कार्यालय भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए उन्होंने जांच के आदेश दिए। निरीक्षण के बाद ही बीडीओ द्वारा भवन की दीवार तुड़वाने का काम शुरू करा दिया गया।

डीएम आलोक कुमार ने ब्लॉक परिसर में चल रही विकास योजनाओं की अभिलेखीय समीक्षा की और उनके क्रियान्वयन पर संतोष जताते हुए बीडीओ की सराहना की। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन बीडीओ कक्ष का निरीक्षण किया, जहां दीवार टेढ़ी पाई गई और प्रयुक्त ईंटों की गुणवत्ता भी मानक के अनुरूप नहीं मिली। इस पर डीएम ने लोक निर्माण विभाग से सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कार्यालय में रखी जर्जर आलमारियों को हटाकर नए संसाधन क्रय करने, परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं, सीडीपीओ कार्यालय के निरीक्षण में अधिकारी के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। वहीं, परिसर में बेतरतीब पड़े जर्जर बैलेट बॉक्स को नष्ट कराने का निर्देश दिया। डीएम ने परिसर में स्थापित ऑटोमेटिक रेन गेज का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप की स्थिति रही। इस मौके पर डीडीओ प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, बीडीओ कुलदीप कुमार, थानाध्यक्ष महुली दुर्गेश कुमार पांडेय, एडीओ ग्राम्य विकास अभय प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत सतीश कुशवाहा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



नाथनगर ब्लॉक मुख्यालय में निर्माणाधीन बीडीओ कक्ष का निरीक्षण करते जिलाधिकारी आलोक कुमार व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर कराएं सफाई

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं क्षय रोग के संबध में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रजत कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल जिसमें 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगो के संबध में व्यापक जन-जागरूकता हेतु 10 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबध में लोगो को जानकारी देगें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करायें। नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई करायें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया।

# कूटरचित बिलों के जरिए 64.95 लाख का घोटाला

अयोध्या कार्यालय

- सहायक वेतन लिपिक पियूष और हृदयराम को किया गया निलंबित
- वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय के लिपिक ने कोतवाली नगर में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** फर्जी एवं कूटरचित बिल तैयार कर सहायक वेतन लिपिक और कोषागार के किसी अज्ञात कर्मचारी-अधिकारी के साथ षड्यंत्र करके 64.95 लाख रुपये गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। यह जानकारी मुख्य कोषाधिकारी के पत्र से हुई है। जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने सहायक वेतन लिपिक पीयूष श्रीवास्तव और हृदय राम फराश को निलंबित कर दिया है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय के एजाज अहमद ने दोनों लोगों के खिलाफ नामजद व कोषागार के अज्ञात कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एजाज अहमद ने आरोप लगाया है कि मुख्य कोषाधिकारी द्वारा प्रेषित पत्र संख्या 1664/ कोषागार अयोध्या/ 2025- 26 दिनांकित 6 मार्च 26 के द्वारा जनपद न्यायाधीश को सूचित किया गया कि हृदय राम फराश के वेतन खाते में माह अप्रैल 2022 से दिसंबर 2025 तक 64 लाख 95 हजार 504 रुपये का आहरण किया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में आहरण व वितरण अधिकारी जनपद न्यायालय द्वारा जिला जज को विस्तृत रिपोर्ट 10 मार्च 2026 को प्रस्तुत की गई थी। जिसके अनुसार माह अप्रैल 2022 से माह दिसंबर 2025 तक विभिन्न डीडीओ के कार्यकाल में बिल अनुभाग में कार्यरत रहे वरिष्ठ सहायक वेतन लिपिक पीयूष श्रीवास्तव द्वारा हृदय राम फराश एवं कोषागार के किसी अज्ञात कर्मचारी के साथ षड्यंत्र करके 64 लाख 95 हजार 504 रुपये का भुगतान हृदय राम फराश के खाते में करवाया गया है। आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा की गई जांच से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार उक्त कृत्य करने में पीयूष श्रीवास्तव द्वारा हृदय राम के वेतन से संबंधित फर्जी एवं कूटरचित बिलों को अपने निजी लैपटॉप के माध्यम से तैयार कर वेतन भुगतान में कार्यरत वेतन लिपिक अनुराग दुबे एवं सहायिका वेतन लिपिक संतोष को धोखे में रखकर पेन ड्राइव में प्रिंट करने के लिए माह अप्रैल 2022 से माह दिसंबर 2025 तक वेतन से अधिक धनराशि को हृदय राम के वेतन खाते में आहरित करते रहे। पीयूष श्रीवास्तव के जनपद न्यायालय के वेतन अनुभाग में कार्यरत रहने के दौरान हृदय राम के साथ मिलकर वेतन संबंधी बिलों में कूट रचना कर फर्जी बिलों को तैयार कर एवं वर्ष 2022 से 2025 के मध्य तैनात रहे आहरण एवं वितरण अधिकारियों को एवं वेतन अनुभाग के अन्य कर्मचारियों को धोखे में रखकर उपरोक्त धनराशि का गबन किया गया है जो कोषागार कार्यालय के अधिकारी संग दुरभि संधि किए बिना किया जाना संभव नहीं है। उक्त घटना के उजागर होने के बाद पीयूष श्रीवास्तव कार्यालय से अनुपस्थित हैं। कोई सूचना भी नहीं दी है।

## प्री-वेडिंग शूट के बहाने युवती को कोलकाता बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार।** प्री-वेडिंग शूट के बहाने युवती को कोलकाता बुलाकर उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का और आरोपी शादी करने के लिए 25 लाख नकद व थार वाहन की मांग करने का आरोप है। पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से इसकी शिकायत की है। थाना महाराजगंज अंतर्गत एक गांव में रहने वाले पीड़ित परिवार के अनुसार आरोपी युवक के साथ युवती की शादी तय हुई थी। इस दौरान उसने प्री-वेडिंग शूट कराने के बहाने युवती को कोलकाता बुलाया। वहां उसे नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती की हालत बिगड़ गई। परिवारीजन उसे वापस अयोध्या लाए, जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी पक्ष से संपर्क किया तो शादी के बदले थार गाड़ी और 25 लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया।



नगर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

### अवेद्यनाथ सभागार में कथा महोत्सव शुरू

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अवेद्यनाथ सभागार में आयोजित अमृतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। कलश यात्रा के साथ कथा भी प्रारंभ हो गया। कलश यात्रा की शुरुआत कथा स्थल से होकर हनुमानगढ़ी, सिद्धार्थ तिराहा होते हुए श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और वातावरण जय श्रीराम, बजरंगबली की जय तथा हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बालिकाएं कलश धारण कर शामिल हुईं। भक्ति गीतों की मधुर धुन पर वे पूरे उत्साह के साथ झूमती और नृत्य करती नजर आईं। पुरुषों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे यह आयोजन जनसहभागिता का अद्भुत उदाहरण बन गया। शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण रथ यात्रा रही जिसमें कथावाचक गौरव कृष्ण शास्त्री विराजमान रहे।

### पहले झांसा देकर बनाया संबंध फिर करा दिया गर्भपात, मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** दुधारा क्षेत्र की रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर गांव के युवक ने शारीरिक संबंध बनाया। गर्भ ठहर जाने पर धोखे से मिलने के बहाने बुलाकर दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। गर्भपात का विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जानमाल की धमकी दी। ऐसा आरोप लगाते हुए पीड़ित युवती ने शुक्रवार को आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया। 21 वर्षीय युवती का आरोप है कि उसके गांव का रहने वाला आरोपी युवक उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। जिससे वह 03 माह की गर्भवती हो गई। जब इसकी जानकारी आरोपी को हुई उसने धोखे से उसे मिलने के लिए बुलाया। आरोप है कि उसे जबरदस्ती दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। जब वह गर्भपात कराने का विरोध की तो उसने जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता ने शुक्रवार को दुधारा थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ अरविंद शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने, गर्भपात कराने, जाति सूचक शब्दो से अमानित करने और जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया गया है। महिला आरक्षी की देख-रेख में पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास शुरु कर दिया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नारों के साथ छात्र-छात्राओं ने किया गया जागरूक

**कुशीनगर, अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भिस्वा में अंबेडकर प्राथमिक पाठशाला पर शुक्रवार को छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदयाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। छात्रों ने शिक्षा के महत्व को दर्शाते कई प्रेरक नारे लगाए। "21वीं सदी की यही है पुकार, शिक्षा पर है सबका अधिकार" का संदेश दिया गया। बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए "बढ़े बेटिया पढ़े बेटिया" का नारा भी गूंजा। छात्रों ने "आधी रोटी खायेंगे, बच्चों को पढ़ायेंगे" के माध्यम से शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई।रैली विद्यालय से गांव भ्रमण कर पुनः विद्यालय पहुंची। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामदयाल सिंह, राकेश श्रीवास्तव, इंदु देवी, ब्रजभूषण प्रसाद, रसोईया गुलरी, जीयना सहित रैली में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। रामपुर पौटवा हरिजन प्राथमिक पाठशाला में भी छात्र-छात्राओं ने सभी को जागरूक करने के लिए रैली निकाली।

# नौगढ़ देहात में भाजपा ने आयोजित किया दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

संवाददाता सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के निमित्त जनपद के मंडल नौगढ़ देहात में भाजपा ने 19 और 20 मार्च को 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया। संचालन भाजपा नेता/ वर्ग प्रभारी सच्चिदानंद चतुर्वेदी ने किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही ने वर्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में बताया व सरकार की उपलब्धियों पर कार्यकताओं संग संवाद स्थापित किया। इसके उपरांत मंडल अध्यक्ष सोनू गुप्ता की अध्यक्षता में पहले सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष तेजू विश्वकर्मा ने इतिहास विकास पर चर्चा करते हुए कहा शून्य से शिखर तक की यात्रा केवल सत्ता की नहीं बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण और अंत्योदय के संकल्प की यात्रा है हमारे पुरखों का त्याग कार्यकर्ताओं का तब और पंडित दीनदयाल की एक आदमी मानववाद के दर्शन नहीं आज हमें विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित किया है। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय ने सोशल मीडिया, सरल ऐप, नमो ऐप और ए आई जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यकताओं के साथ संवाद किया। ब्लॉक प्रमुख प्रति. राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में तीसरे सत्र में मुख्य वक्ता निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बूथ प्रबंधन जैसे विषय पर संवाद स्थापित किया।



सत्र में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष।

### जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के परिणामों को विभिन्न हित धारकों के साथ साझा किए जाने हेतु आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को सर्वेक्षण से जुड़े आंकड़ों की समझ विकसित कराना और उन्हें विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक सुधार के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए तैयार करना था। डायट प्रवक्ता मोहम्मद यूनुस ने कहा परख के आंकड़ों के आधार पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों और कमजोरियों को समझा जा सकता है। कार्यशाला में संदर्भदाता अनुराग कुमार श्रीवास्तव द्वारा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की पृष्ठभूमि राष्ट्रीय व उत्तर प्रदेश के डैशबोर्ड का प्रदर्शन, रिपोर्ट संरचना राष्ट्रीय एवं राज्य की तुलना एचपीसी के अंतर्गत रुब्रिक निर्माण पर विस्तृत चर्चा की गई। संदर्भदाता उत्कर्ष श्रीवास्तव ने परख डैस बोर्ड पर जनपद स्तरीय रिपोर्ट का प्रदर्शन कर दक्षतावार आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए बताया कि किस प्रकार इस डाटा को विद्यालय स्तर तक पहुंचाकर शिक्षण पद्धति में सुधार लाया जा सकता है। कार्यशाला का समन्वयन डायट प्रवक्ता फुरकान अहमद ने किया।

### हॉकी प्रतियोगिता का हुआ भव्य उद्घाटन



जिला स्टेडियम में खेला गया फाइनल मुकाबला। अमृत विचार

**कुशीनगर, अमृत विचार।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ एवं जिला खेल कार्यालय, कुशीनगर के तत्वावधान में पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता खेल प्रेमियों के लिए शुक्रवार का का दिन बेहद उत्साहपूर्ण और यादगार रहा। ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर वर्ग पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मिर्जापुर बनाम कुशीनगर के मध्य खेला गया जिसमें राहूल यादव (मिर्जापुर) 14वें मिनट में गोल किया और 24वें मिनट में गोलू (कुशीनगर) ने गोल करके बराबरी दिलायी जिसमें परिणाम ड्रा रहा। जिसके बाद ड्राई बेकर का सहारा लिया गया जिसमें कुशीनगर 0-4 विजयी रही। फाइनल मैच के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम सिंह चंदेल ब्लॉक प्रमुख मधुबनी व अजय लोहिया, अध्यक्ष फुटबाल संघ, कुशीनगर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा खेल भावना को बनाए रखने का संदेश दिया।

### 4 लाख 50 हजार नेपाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ककरहवा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 लाख 50 हजार नेपाली मुद्रा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई रकम को आवश्यक विधिक प्रक्रिया के बाद कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। ककरहवा पुलिस टीम के नेतृत्व में ककरहवा बाजार के फसादीपुर मोड़ के पास भारत की सीमा में संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक युवक को रोका और तलाशी ली गई तलाशी के दौरान युवक के पास से 4 .50 लाख नेपाली रुपये बरामद हुए। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद रकम को कस्टम अधिनियम के तहत पैसे को जब्त करते हुए कस्टम कार्यालय ककरहवा सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सूरज मौर्या पुत्र केशराम मौर्या, निवासी ग्राम दूल्हा दरमियांनि टोला रमजाननगर, थाना मोहाना के रूप में हुई है। सीमा क्षेत्र में बढ़ती सतर्कता के चलते पुलिस और कस्टम विभाग की संयुक्त कार्रवाई से तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है।

### सिद्धार्थ विवि में आयोजित हुई विचार गोष्ठी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नव विक्रम संवत 2083 के आगमन के उपलक्ष्य में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के आवासीय परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, गोरक्षप्रांत की ओर से आयोजित इस संध्याकालीन गोष्ठी में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजीव नयन रहे। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत 2083 के शुभागमन के साथ ही भारतीय नववर्ष का आरंभ हो रहा है। यह हमारा वास्तविक नववर्ष है। इस समय प्रकृति भी नवता का अहसास करा रही है। आज की नई पीढ़ी अंग्रेजी नववर्ष से तो परिचित है पर भारतीय नव संवत की महिमा से अनजान है। हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार दुबे ने कहा कि भले ही हमारा नववर्ष अंग्रेजी नव वर्ष की भांति धूम धड़ाके से नहीं आता है, पर उसके मनाने का हमारा एक सनातनी तरीका है, जिसके अनुसार हम पूरी आस्था, भक्ति, समर्पण और उल्लास के साथ नौ दिन तक इसे साधना-पर्व के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. नीरज सिंह, डॉ. हृदयकान्त पाण्डेय, डॉ. कपिल गुप्ता तथा डॉ. यशवंत यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डॉक्टर मयंक कुशवाहा ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया और प्रो. हरीश कुमार शर्मा ने नव संवत्सर से संबंधित अपना स्वरचित गीत 'शुभ चैत्र प्रतिपदा का हम कर रहे हैं स्वागत, इस परम पावन दिन से है आ रहा नव संवत' सुनाया।

# रांची से 23 को निरस्त रहेंगी ट्रेनें

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से रांची से 23 एवं 30 मार्च को चलने वाली 08629 रांची-गोरखपुर तथा गोरखपुर से 25 मार्च एवं 01 अप्रैल को चलने वाली 08630 गोरखपुर-रांची होली विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। उधर, रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु 01415/01416 पुणे-गोरखपुर-हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष गाडी का संचलन पुणे से 01 से 30 अप्रैल तक तथा गोरखपुर से 02 अप्रैल से 01 मई तक प्रतिदिन, 30 फेरों के लिए निम्नवत् किया जायेगा। 01415 पुणे-गोरखपुर विशेष गाडी 01 से 30 अप्रैल, 2026 तक प्रतिदिन पुणे से 06.50 बजे प्रस्थान कर दौंड से 08.12 बजे, अहिल्यानगर से 09.32 बजे, कोपरगांव से 11.30 बजे, मनमाड से 13.15 बजे, भुसावल से 16.00 बजे, खण्डवा से 18.10 बजे, इटारसी से 21.20 बजे, रानी कमलापति से 23.25 बजे, दूसरे दिन बीना से 01.30 बजे, वीरांगना लक्ष्मी बाई जं. (झांसी) से 04.10 बजे, उरई से 06.12 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 08.40 बजे, लखनऊ से 10.05 बजे, गोण्डा से 12.30 बजे तथा बस्ती से 14.00 बजे छूटकर गोरखपुर 16.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01416 गोरखपुर-हडपसर विशेष गाडी 02 अप्रैल से 01 मई, 2026 तक प्रतिदिन गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 19.15 बजे, गोण्डा से 20.30 बजे, लखनऊ से 22.35 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेण्ट्रल से 00.25 बजे, उरई से 02.00 बजे चलेगी।



### कौशल प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण शुरू

**कुशीनगर, अमृत विचार।** प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कसया, सेवरही, नेबुआ नौरंगिया, पडरौना, हाटा द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से जनपद के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई0टी0आई0) में युवाओं को आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगारपरक कौशल प्रदान करने हेतु अल्पकालीन एडवान्स एवं फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज संचालित किये जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत हाईस्कूल/ इण्टर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को पूर्णतः निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ किसी भी कार्य दिवस में अपना निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं।

# छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से एक अप्रैल से चलेगी ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई)-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 01 से 30 अप्रैल, 2026 तक तथा गोरखपुर से 02 अप्रैल से 01 मई, 2026 तक प्रतिदिन 30 फेरों के लिए निम्नवत् किया जायेगा। 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई)-गोरखपुर विशेष गाड़ी 01 से 30 अप्रैल, 2026 तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) से प्रतिदिन 22.30 बजे प्रस्थान कर दादर से 22.47 बजे, थाणे से 23.20 बजे, कल्याण से 23.50 बजे, दूसरे दिन नासिक रोड से 02.25 बजे, मनमाड से 03.20 बजे, जलगांव से 05.23 बजे, भुसावल से 06.00 बजे, खण्डवा से 09.15 बजे, इटारसी से 13.15 बजे, भोपाल से 16.00 बजे, बीना से 18.20 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 22.00 बजे, ऊरई से 23.32 बजे, तीसरे दिन कानपुर सेण्ट्रल से 02.20 बजे, लखनऊ से 04.15 बजे, गोण्डा से 06.35 बजे, बस्ती से 07.55 बजे तथा खलीलाबाद से 08.30 बजे छूटकर गोरखपुर 10.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) विशेष गाड़ी 02 अप्रैल से 01 मई, 2026 तक गोरखपुर से प्रतिदिन 14.30 बजे चलेगी।

**जागरुकता** | अपर पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत दिखाई हरी झंडी

# महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए निकाली रैली

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन से महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली निकाली गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए निकाली गई। एएसपी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर वातावरण तैयार करना है, ताकि वे बिना भय के आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि जिले में इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के तहत सभी थानों पर महिला बीट अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो सीधे महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगी और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी। स्कूल व कॉलेजों के आसपास एंटी-रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता बढ़ाई जा रही है। साथ ही पुलिस की पैदल गश्त भी तेज की गई है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक रैलियों के जरिए भी जागरूकता फैलाई जा रही है। हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 और 112 के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित हो रहा है, जिससे महिलाओं के सुरक्षा, शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिल सके। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात/पुलिस लाइन प्रियम राजशेखर पाण्डेय रहे।




रिजर्व पुलिस लाइन से महिला सशक्तिकरण जागरुकता रैली को रवाना करते एएसपी सुशील कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

### आरएसएस ने नगर में किया पथ संचलन

**कुशीनगर, अमृत विचार।** पडरौना नगर में वर्ष प्रतिपदा एवं हिंदू नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति संघ के स्वयंसेवकों द्वारा नगर में पथ संचलन निकाला गया। इसमें भारी संख्या में स्वयं सेवक शामिल हुए। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सबसे पहले आद्य सर संघचालक प्रणाम किया। बता दें पथ संचलन कोतवाली के सामने जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण से प्रारंभ होकर जलकल रोड, सुभाष चौक, बलूचहा चुंगी, बावली चौक, साहिबगंज दक्षिणी के रास्ते तिलक चौक, कन्हैया टाकिज होते हुए भारतीय शिवाला मंदिर व कसेरा टोली के रास्ते दुबारा जूनियर हाईस्कूल के मैदान में समाप्त हुआ। मुख्य वक्ता गोरक्ष प्रांत के सह प्रांत प्रचारक सुरजीत ने कहा कि वर्ष प्रतिपदा का दिन हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

